आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 13.09.2025 समय 07.20

**पहले मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के केंद्रीय अंश के रूप में उत्तराखंड को 455 करोड़ रुपये की अग्रिम धनराशि जारी की।
- प्रदेश में कुट्टू का आटा बिना लाइसेंस और पंजीकरण के नहीं बेचा जा सकेगा; सरकार ने नवरात्र और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की; जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर रात्रिकालीन सेवा शुरू करने और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में मिलेट्स के उत्पादन और प्रचार–प्रसार पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।
- यूपीआई ने 15 सितंबर से व्यक्ति–से–व्यापारी दैनिक लेनदेन को 10 लाख रूपए तक बढ़ाया।

प्रादेशिक **समाचारों के साथ मै गीता नेगी, और अब समाचार विस्तार से–**

**धनराशि जारी**

केंद्र सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के केंद्रीय अंश के रूप में उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 455 करोड़ 60 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि जारी की है। यह धनराशि 15वें वित्त आयोग की संस्तुति के अनुसार दी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा राहत कार्यों में उपयोग की जाएगी।

**सख्ती**

नवरात्र और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए राज्य सरकार ने मिलावटी कुट्टू का आटा बेचने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि अब कुट्टू का आटा बिना लाइसेंस और पंजीकरण के नहीं बेचा जा सकेगा। यह केवल सीलबंद पैकेट में ही उपलब्ध होगा, जिस पर पैकिंग तिथि, अवसान तिथि, निर्माता का पता, प्रतिष्ठान का नाम और लाइसेंस नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। खुले में बिकने वाले आटे पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

नवरात्र से पहले और दौरान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाएगा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से विक्रय पर भी नजर रहेगी और हर व्यापारी को क्रय–विक्रय का रिकॉर्ड रखना होगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रत्येक जिले में त्वरित प्रक्रिया दलों का गठन किया जाएगा, जो कुट्टू के आटे से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा और मिलावटी या असुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## हवाई सेवा विस्तार/केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात कर उत्तराखंड में हवाई सेवाओं के विस्तार पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून समाप्ति के बाद चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवाएं फिर से शुरू की जाएंगी, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगों और पैदल यात्रा में असमर्थ श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और सड़क मार्गों पर दबाव कम होगा।

श्री धामी ने केंद्रीय मंत्री से जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर रात्रिकालीन सेवा शुरू करने और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया। साथ ही गौचर और चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टियों को छोटे विमानों के संचालन के लिए विकसित कर दिल्ली, देहरादून और हिंडन से जोड़ने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत दिल्ली से पिथौरागढ़ के लिए नियमित हवाई सेवा शीघ्र प्रारंभ करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## सेवा पखवाड़ा

प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ''सेवा पखवाड़ा'' को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिये शासन स्तर पर तैयारियां जारी हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कल देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक की और पखवाड़े को सफल बनाने के निर्देश दिए।

सेवा पखवाड़े में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉक्टर रावत ने कहा कि देहरादून जिले में कम से कम एक लाख लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जाए। इसके लिए नगर निगम और ब्लॉक स्तर पर विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा।

कार्यक्रम का राज्य स्तरीय उद्घाटन 17 सितम्बर को पटेल नगर मेडिकल कॉलेज, देहरादून में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे।

पखवाड़े में मसूरी, ऋषिकेश, डोईवाला, विकासनगर, सहसपुर, चकराता समेत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में ओपीडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग जांच, टीबी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, पैथोलॉजी जांच, परिवार नियोजन, विशेषज्ञ ओपीडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और रक्तदान जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यभर की विभिन्न विकास योजनाओं के लिये 146 करोड़ 19 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इनमें नैनीताल जिले में सड़क चौड़ीकरण, बागेश्वर में पम्पिंग योजना, हरिद्वार में अभियोजन विभाग के लिए भवन निर्माण, कुंभ मेला–2027 की तैयारियां और नाबार्ड से जुड़ी पेयजल व सोलर योजनाएं शामिल हैं।

## मिलेट्स उत्पादन बढ़ावा

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखंड के मिलेट्स की देशभर में बढ़ती मांग को देखते हुए इनके उत्पादन और प्रचार–प्रसार पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग और पर्यटक स्थलों पर मिलेट्स आधारित बेकरी स्थापित की जाएं, ताकि तीर्थयात्री और पर्यटक स्थानीय उत्पादों से जुड़ सकें।

मंत्री ने शासकीय कैंप कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि मिलेट्स से रस, केक जैसे उत्पाद तैयार कर बाजार में उतारे जाएं, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने हाउस ऑफ हिमालयाज उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर भी जोर दिया और सभी जिलों में ***वे साइट एमिनिटी सेंटर*** स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री हो सके।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 1 लाख 65 हजार से अधिक महिलाएं "लखपति दीदी" बन चुकी हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मंडवे, झंगोरे और सिंघाड़े से बने बिस्कुट जैसे उत्पाद तैयार कर अभिनव प्रयास किए हैं।

## यूपीआई सीमा बढोतरी

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यूपीआई पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव 15 सितंबर से लागू होगा। खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। परन्तु व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा 1 लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

## बैठक

कुंभ मेला 2027 के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में हरिद्वार स्थित सीसीआर सभागार में बैठक आयोजित हुई। इसमें जनप्रतिनिधियों, श्री गंगा सभा, व्यापार मंडल, प्रेस क्लब और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों से सुझाव लिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि मेले को दिव्य और भव्य रूप में आयोजित करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी सुझावों को मेला अधिकारी और जिला प्रशासन की कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा और संबंधित विभाग समयबद्ध कार्रवाई करेंगे।

## मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल शाम से बारिश का दौर जारी है। राजधानी देहरादून में आज तड़के अनेक स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई, जिसके कारण कहीं–कहीं पर जल जमाव की समस्या हुई।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी प्रदेश में हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं तेज बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**राहत सामग्री**

अतिवृष्टि से प्रभावित रुद्रप्रयाग जिले की बसुकेदार तहसील के बांगर क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने राहत सामग्री भेजी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर छह ट्रक राहत सामग्री रुद्रप्रयाग मुख्यालय पहुंचाई गई। इनमें राशन किट, खाद्यान्न, तिरपाल, टेंट, बाल्टियां और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं।

जिला प्रशासन ने बताया कि यह सामग्री प्रभावित गांवों तक पहुंचाकर शीघ्र ही ग्रामीणों में वितरित की जाएगी। प्रशासन ने इस सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

**नमामि गंगे बैठक**

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति– नमामि गंगे की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गंगोत्री से चिन्यालीसौड़ और डामटा से जानकीचट्टी तक सीवर व एफ०एस०टी०पी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग को 20 से 30 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाकर एसटीपी से न जुड़े होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

गंगोत्री धाम में शेष हाउस होल्ड्स को सीवर सुविधा से जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार करने को कहा गया। वर्तमान में 123 होटल पंजीकृत हैं, जिनमें से 104 होटल एसटीपी से जुड़े हैं और शेष को जोड़ने की कार्यवाही जारी है।

**ऑपरेशन रोमियो**

नैनीताल जिले में महिलाओं की सुरक्षा और अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए 'ऑपरेशन रोमियो' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 69 वाहन चालकों का चालान करने के साथ ही 63 हिरासत में लिया गया है और 12 वाहन सीज किए गए हैं।

तल्लीताल क्षेत्र में पांच लापरवाह चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही 27 लोगों को हिरासत में लिया गया और पुलिस अधिनियम के अंतर्गत साढे छह हजार रुपए जुर्माना वसूला गया।

नैनीताल पुलिस के अनुसार महिलाओं की सुरक्षा, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और नशे से दूर रहें।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- केंद्र सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के केंद्रीय अंश के रूप में उत्तराखंड को 455 करोड़ रुपये की अग्रिम धनराशि जारी की।
- प्रदेश में कुट्टू का आटा बिना लाइसेंस और पंजीकरण के नहीं बेचा जा सकेगा; सरकार ने नवरात्र और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की; जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर रात्रिकालीन सेवा शुरू करने और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में मिलेट्स के उत्पादन और प्रचार–प्रसार पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।
- यूपीआई ने 15 सितंबर से व्यक्ति–से–व्यापारी दैनिक लेनदेन को 10 लाख रूपए तक बढ़ाया।